# लखनऊ नगर निगम,लखनऊ

लालबाग,टी0एन0रोड,लखनऊ–226001(उ0प्र0)
ई–मेल nnlko@up.nic.in

पत्र सं0: 397/मु॰अ॰/25-26 दिनांकः 9/2/26

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 23/2/2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र 21/2/2026 तक अपराह्न 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 23/2/2026 को अपरान्हन 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को उसी तिथि को अपरान्हन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अविध | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | कुल निविदा मूल्य जी.एस. टी. सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अन्तर्गत राजीव गॉधी प्रथम वर्ड विनय खण्डमें म0सं0 ई–1/775 के सामने बैकलेन का सुधार कार्य। | 841932.00 | 84193 | 15 दिन | 842 | 152 | 994 |
| 2 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अन्तर्गत काल्विन कालेज निशातगंज वार्ड बाल्दा कालोनी में बैकलेन का सुधार कार्य। | 822662.00 | 82266 | 15 दिन | 823 | 148 | 971 |
| 3 | पेपरमिल वार्ड के अन्तर्गत पेपर मिल कालोनी में गुरुद्वारा रोड स्थित बैकलेन में जी–1/1 से जी–5/4 तक बैकलेन विकसित करने हेतु नाली कवरिंग एवं म्यूरल पेंटिंग का कार्य। | 846954.00 | 84695 | 15 दिन | 847 | 152 | 999 |
| 4 | स्वचछ सर्वेक्षण 2025–26 के अन्तर्गत चिनहट द्वितीय वार्ड के विभव खण्ड–1 में मारूति कटीएल के पीछे चन्द्रशेखर पार्क बैकलेन का सुधार कार्य। | 834325.00 | 83433 | 15 दिन | 834 | 150 | 984 |
| 5 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अन्तर्गत रफी अहमद किदवई वार्ड विपुल खण्ड में स्टडी हॉल स्कूल के पीछे बैकलेन विकसित करने हेतु नाली कवरिंग एवं म्यूरल पेन्टिंग का कार्य। | 432141.00 | 43214 | 15 दिन | 432 | 78 | 510 |

शर्तें :–

1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश सख्या 3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)
2. शासनादेश स0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश सख्या:– 692/23–07–2024 दिनाक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशात से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
3. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायविलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
4. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायविलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
5. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
6. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

प्रतिलिपि :–

1. मा0 महापौर महोदया को सूचनार्थ।
2. मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल।
3. जिलाधिकारी महोदय।
4. नगर आयुक्त महोदय।
5. अधिशासी अभियन्ता–4 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा सूचना का सत्यापन कर ले।
6. प्रभारी अधिकारी प्रचार विज्ञापन कराने हेतु।
7. नोटिस बोर्ड।

मुख्य अभियन्ता 9/2/26